

02

# आज समाज

04



www.aajsamaaj.com

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शनिवार, 19 अगस्त 2023 **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र** विक्रमी संवत 2080, मास-श्रावण, शुक्ल पक्ष तृतीया, मूल्य, 2.00 रुपए

## अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया एड्स जागरूकता पखवाड़ा




बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महाविद्यालय की रेड रिबन इकाइयों के द्वारा गत 12 से 20 अगस्त तक एड्स जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें 14 अगस्त को महाविद्यालय के दोनों सभागों में एड्स हेल्पलाइन नंबर डिस्प्ले किया गया। गत 17 अगस्त को छात्रों को एड्स विषय पर डॉक्यूमेंट्री मूवी दिखाई गई। इस कड़ी में शुक्रवार को नशामुक्ति व एड्स जैसे महत्वपूर्ण विषय पर पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे लगभग 25 प्रविष्टियां आईं। नारा लेखन प्रतियोगिता में बीए इको ऑनर्स द्वितीय वर्ष की वृंदा ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय, बीए इको ऑनर्स प्रथम वर्ष की ललिता ने तृतीय, व इको ऑनर्स तृतीय वर्ष की सरोज ने भी तृतीय स्थान प्राप्त किया व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की राखी ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की ही ज्योति की ने द्वितीय, बीए इको ऑनर्स तृतीय वर्ष की तनु कुमारी ने तृतीय स्थान व बीए इको ऑनर्स द्वितीय वर्ष की सोनी ने भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों से कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का लक्ष्य ऐसी जानलेवा बीमारियों के प्रति स्वयंसेवकों को जागरूक करना है क्योंकि जागरूक युवा ही इस तरह की जानलेवा बीमारियों के प्रति समाज को जागरूक कर समाज को बचा सकता है।